>

Title : Need to set up more railway reservation counters in NOIDA and Greater NOIDA and improve passenger amenities at Khurja Junction in Gautam Budh Nagar district, Uttar Pradesh.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): तत्कालीन माननीय रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी जी ने वÂा़ 2011-12 के रेल बजट में यह प्रावधान किया था कि माननीय सांसद की संस्तुति पर उनके लोक सभा क्षेत्र में एक रेलवे आरक्षण केन्द्र और एक आदर्श स्टेशन की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस संबंध में अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश राज्य का गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र राजधानी दिल्ली से सटा हुआ है तथा इसके अंतर्गत नोएडा व ग्रेटर नाएडा उप-नगर आते हैं। नोएडा व ग्रेटर नोएडा में बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों के निवासी निवास करते हैं और उनका रेलवे से आवागमन होता रहता है। लेकिन, वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर जिले के अंतर्गत केवल नोएडा में ही एक रेलवे आरक्षण केन्द्र है, जो नोएडा व ग्रेटर नोएडा की बढ़ती आबादी को देखते हुए नगण्य है।

गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खुर्जा जंक्शन एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। इस स्टेशन से बड़ी संख्या में रेलगाड़ियों का आवागमन होता है तथा दिल्ली के निकट होने के कारण यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली एवं अन्य स्थलों के लिए अपने कामकाज के सिलसिले में आते-जाते हैं।

लेकिन, इस स्टेशन पर रेल सुविधाओं का भारी अभाव है। हालांकि रेलवे द्वारा यहां पर चार टिकट खिड़कियों की स्थापना एक वÂा़ पूर्व की गई थी, मगर इन सभी खिड़कियों में कर्मचारी तैनात न होने की वजह से टिकट वितरण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। वर्तमान में खुर्जा जंक्शन पर सुबह के समय केवल दो खिड़कियों के माध्यम से ही टिकट बांटी जाती है, जो रेलवे यात्रियों की संख्या को देखते हुए नगण्य है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है नोएडा/ग्रेटर नोएडा में नए रेलवे आरक्षण केन्द्र स्थापित किया जाए और खुर्जा जंक्शन को और अधिक विकसित करते हुए वहां पर समस्त जरूरी रेल सुविधाएं प्रदतत करवाई जाए।